लोकभवन
राज्यपाल सचिवालय उत्तराखण्ड
न्यू कैन्ट रोड, देहरादून
संख्या– 279983/जी.एस. / सा०प्रशा० / C-92-2/E-256/2022
दिनांक 27 जनवरी, 2026

## ई–निविदा सूचना

लोकभवन, उत्तराखण्ड, देहरादून के उपयोगार्थ औषधियों एवं तत्सम्बन्धी उपकरणों के क्रय के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु एतदद्वारा निम्नानुसार ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट http://www.uktenders.gov.in पर निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 30.01.2026 |
| 2 | निविदा आवेदन पत्र शुल्क | ₹1,500/– (₹एक हजार पॉच सौ मात्र)+ जीएसटी अतिरिक्त |
| 3 | तकनीकी एवं वित्तीय बिडों को ऑनलाईन अपलोड करने की तिथि | 02.02.2026 |
| 4 | तत्सम्बन्धी ड्राफ्ट एवं धरोहर राशि सील्ड लिफाफे में रख कर राज्यपाल सचिवालय में जमा किये जाने की अन्तिम तिथि | 16.02.2026 (सायं 5: 00 बजे तक) |
| 5 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि– | 17.02.2026 ( मध्यान्ह 12:45 बजे) |
| 6 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि– | तकनीकी निविदा खोले जाने के उपरान्त |

निविदा हेतु और अधिक जानकारी राज्यपाल सचिवालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(अनूप सिंह नेगी)
अनुसचिव श्री राज्यपाल

# तकनीकी बिड (Technical Bid)

1. फर्म का नाम–..................................................................................................

2. पंजीकृत पता–..................................................................................................

3. फर्म के पंजीकरण की तिथि–..................................................................................

4. दूरभाष संख्या–..................................................................................................

5. मोबाईल नम्बर–..................................................................................................

6. पैन नम्बर (छायाप्रति संलग्न करें)–

7. ड्रग लाइसेंस नं0–(छायाप्रति संलग्न करें)–

8. जी0एस0टी0 नम्बर (छायाप्रति संलग्न करें)–....................................................

9. विगत 02 वर्षों के बैलेन्स शीट की छायाप्रति संलग्न करें–........................
**(न्यूनतम टर्नओवर ₹ 25.00 लाख होना चाहिए)**

10. किसी सरकारी/अर्द्ध सरकारी/सार्वजनिक उपक्रमों इत्यादि संस्थानों में 02 वर्ष का कार्य करने का अनुभव तथा प्रतिबन्धित/ब्लैकलिस्टेड न किये जाने सम्बन्धी घोषणा–पत्र/अभिलेख संलग्न करें –

11. धरोहर धनराशि का विवरण–

(क) धनराशि–..................................................................................................

(ख)एफ0डी0आर0/डिमान्ड ड्राफ्ट नं0. ..........................................दिनांक–....

(ग) बैंक व शाखा का नाम–..................................................................................

12. टेन्डर मूल्य का विवरण (Tender Doument Cost)–

i. बैंक ड्राफ्ट नम्बर–.....................................................दिनांक .........................

ii. धनराशि–..................................................................................................

iii- बैंक व शाखा का नाम–..................................................................................

मैंने सभी निविदा शर्तों को भली–भॉति पढ़ लिया है और मैं इनसे सहमत हूं।

निविदादाता का नाम व हस्ताक्षर

अनुलग्नक 02

# औषधियों एवं तत्सम्बन्धी उपकरणों की आपूर्ति हेतु ई–निविदा के नियम/शर्तें

वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिये लोकभवन में संलग्न सूची के अनुसार औषधियां एवं तत्सम्बन्धी उपकरणों के क्रय हेतु एतदद्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

1- निविदा प्रपत्र का विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट http://www.uktenders.gov.in पर निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 30.01.2026 |
| 2 | निविदा आवेदन पत्र शुल्क | ₹1,500/– (₹एक हजार पॉच सौ मात्र)+ **जीएसटी अतिरिक्त** |
| 3 | तकनीकी एवं वित्तीय बिडों को ऑनलाईन अपलोड करने की तिथि | 02.02.2026 |
| 4 | तत्सम्बन्धी ड्राफ्ट एवं धरोहर राशि सीलड लिफाफे में रख कर राज्यपाल सचिवालय में जमा किये जाने की अन्तिम तिथि | 16.02.2026 (सायं 5: 00 बजे तक) |
| 5 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि– | 17.02.2026 ( मध्यान्ह 12:45 बजे) |
| 6 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि– | तकनीकी निविदा खोले जाने के उपरान्त |

2- निविदादाता द्वारा बिड में केवल टेंडर डाक्यूमेंट मूल्य एवं धरोहर राशि का ड्राफ्ट ही सीलड लिफाफे में रखकर राज्यपाल सचिवालय के सामान्य प्रशासन अनुभाग में जमा किया जाना होगा। तकनीकी बिड ऑनलाईन ही अपलोड की जायेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाता की ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।

3- विगत 02 वर्षों के बैलेन्स शीट की छायाप्रति संलग्न करें (न्यूनतम टर्नओवर 25.00 लाख होना चाहिए)।

4- राजकीय विभाग/संस्थान से विधिक विवाद न होने तथा किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थान में 02 वर्षों का कार्य करने का अनुभव तथा काली सूची में न डाले जाने का घोषणा–पत्र/अभिलेख संलग्न करना होगा।

5- निविदा में प्रतिभाग करने वाली किसी फर्म का कोई निकट सम्बन्धी यदि लोकभवन में तैनात है तो इसकी सूचना निविदा प्रपत्र पर अंकित करनी होगी।

6- फर्म/निविदादाता के पास सभी विधिक आवश्यकताओं हेतु आवश्यक पंजीकरण यथा ड्रग लाइसेंस, पैन एवं जी0एस0टी0 में पंजीकरण अनिवार्य होगा।

7- आय–व्यय में धनराशि उपलब्ध होने पर ही बीजकों का भुगतान किया जाना सम्भव होगा।

8- यदि फर्म द्वारा आपूर्ति में विलम्ब किया जाता है या मना किया जाता है तो धरोहर राशि को शासन के पक्ष में जब्त किया जायेगा इसमें फर्म को कोई आपत्ति नहीं होगी।

9- निविदा मूल्य अनुमानित ₹18.00 लाख निहित होगा।

10- निविदादाता प्रपत्र के साथ ₹54,000/–(₹ चौवन हजार मात्र) का 01 वर्ष हेतु मान्य, किसी राष्ट्रीय बैंक का एफ.डी.आर./सी.डी.आर. अथवा बचत पत्र वित्त नियंत्रक श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड, देहरादून के पक्ष में बनकार धरोहर राशि के रूप में निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी। सफल निविदादाता की स्थिति में बन्धक राशि कार्यपूर्ति धरोहर राशि में परिवर्तित हो जायेगी।

11- निविदा की अवधि माह 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक मान्य होगी।

12- आपूर्ति की जाने वाली औषधियां लाने व ले जाने का कोई मार्ग व्यय फर्म को देय नहीं होगा।

13- क्रय औषधि/उपकरण के देयक का भुगतान तीन माह के अन्दर किया जायेगा।

14- औषधियों की आपूर्ति मा० श्री राज्यपाल महोदय, उनके परिजनों एवं लोकभवन में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों हेतु की जानी है। अतः आदेश मिलते ही तत्काल सामग्रियों की आपूर्ति किया जाना अनिवार्य है। यदि फर्म द्वारा समय पर औषधियों की आपूर्ति नहीं करने के कारण अपरिहार्यता के कारण अन्य फर्मों से यदि अधिक दर पर सामग्री क्रय करनी पड़े तो इस अधिक धनराशि को फर्म के अन्य देयकों/धरोहर राशि से काट ली जायेगी।

15- किसी भी निविदा को किसी भी स्तर पर बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव, श्री राज्यपाल का होगा जिस पर किसी प्रकार का कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं होगा।

16- निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मुहर तथा फर्म के मालिक/साझीदार के हस्ताक्षर अंकित होना अनिवार्य है।

17- विभाग को यह अधिकार होगा कि वह ऐसे विक्रेता से जिसके द्वारा निविदा की शर्तों का उल्लघंन किया गया हो जिसमें कार्य आदेश को पूर्ण करने से इंकार भी सम्मिलित है, पर कोई शास्ति अधिरोपित करें तथा उक्त की वसूली करें।

18- यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित मापदंड के आधार पर उच्च गुणवत्ता की औशधियों की आपूर्ति नहीं की जाती तो बिना किसी पूर्व सूचना के जमानत की सम्पूर्ण धनराशि जब्त करते हुए आपूर्ति को निरस्त कर दिया जायेगा।

19- स्रोत पर की जाने वाली वैधानिक कटौतियाँ देयकों से की जायेगी एवं मॉग करने पर कटौती का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

20- औषधियों का क्रय आवश्यकतानुसार किया जायेगा तथा आपूर्ति चालान के आधार पर की जायेगी।

21- स्वीकृत दरें वर्ष 2026–27 हेतु लागू होंगी परन्तु आवश्यकता पड़ने पर सक्षम अधिकारी द्वारा इन्ही शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन टेण्डर की अवधि एक वर्ष/नवीन ई–निविदा आमंत्रित किये जाने तक के लिए विस्तारित किया जा सकता है।

22- स्थानीय फर्म के अतिरिक्त बाहर की अन्य फर्मों को अपना देहरादून स्थित औषधियों की आपूर्ति हेतु स्थानीय पता भी सूचित करना होगा। यहां फर्म विशेष रूप से ध्यान रखें कि आवश्यकता होने पर अल्प सूचना पर भी **(24X7)** दवा आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी।

**23- आपूर्ति के सापेक्ष Computerized Bill भुगतान हेतु उपलब्ध करना होगा।**

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार की सूचना हेतु कृपया निम्नलिखित अधिकारी से निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिन पश्चात तक सम्पर्क कर सकते है। उक्त समय के पश्चात किसी प्रकार के प्रश्नों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**विभाग के अधिकारी का नाम–** अनुभाग अधिकारी, सामान्य प्रशासन अनुभाग
राज्यपाल सचिवालय, उत्तराखण्ड, देहरादून
**दूरभाष नं0–0135–2757400,03**

अनुसचिव श्री राज्यपाल